Statement-II-concId.

MTNL -DELHI

S.No	Exchange	Total No. of instruments
39.	Bhyander	1735
40.	Byculla	4020
41.	Wadala	4385
42.	Shivaji Park	981
43.	Prabhadevi	1214
44.	Worli	2662
45.	Matunga	208
46.	Sion	899

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थानीय टेलीफोन कॉल की सुविधा

4402. **श्री मुलचन्द मीना :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन शहरों में स्थानीय टेलीफोन कॉल सुविधा उपलब्ध कराई गई है;

(ख) क्या सरकार इस क्षेत्र के अन्य शहरों में यह सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैय्या नायडू) : राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अधीन आने वाले नगरों के बीच स्थानीय कॉल सुविधा प्रदान नहीं की गई है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) उपर्युक्त भाग (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

कॉर्डलैस टेलीफोन व्यवस्था आरम्भ किया जाना

4403. **श्री सुशीलकुमार संभाजी राव शिन्दे :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में सैकिण्ड जेनेरेशन की कॉर्डलैस टेलीफोन व्यवस्था आरम्भ करने के बारे में विचार कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि निजी क्षेत्र की कुछ कम्पनियां इस परियोजना को आरम्भ करने की इच्छुक हैं; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या निर्णय लिया है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैय्या नायडू) : (क) जी नहीं, इस समय देश में सैकिण्ड जेनेरेशन के डोरी रहित टेलीफोन प्रणाली शुरु करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) जी, हां ।

(घ) राष्ट्रीय दूरसंचार नीति के बारे में निर्णय लिए जाने के पश्चात् इन प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा ।

मध्य प्रदेश में चलते-फिरते डाकघर खोले जाना

4404. **श्री अनन्तराय देव शंकर दवे :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश के दूर-दराज तथा जनजातीय—पिछड़े क्षेत्रों में बेहतर डाक सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु राज्य में चलते-फिरते डाकघर खोलने का विचार रखती है और यदि हां, तो इस योजना के अंतर्गत शामिल किये जाने वाले जिलों के नाम तथा ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस प्रयोजनार्थ विकलांगों और आदिवासी युवाओं को नियुक्त करने का विचार भी रखती है ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस योजना को कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैय्या नायडू) : (क) जी, नहीं ।
(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Non-Utilization of Foreign Aid

4405. SHRI KRISHAN LAL SHARMA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) the quantum of foreign aid received during the last three years, year-wise;

(b) the names of donor countries. nlong-with the project-wise details;

(c) whether it is a fact that four billion aid is lying unutilised in the country at present;

(d) if so, the reasons of the non-utilisation of the aid; and

(e) whether Government propose to set up a monitoring agency in this regard ?